भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2149
31 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए

मंगलुरू में ईसीएचएस सुविधाएं

2149. कैप्टन बृजेश चौटा :

क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दक्षिण कन्नड़ जिले में पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के अंतर्गत पंजीकृत लाभार्थियों की संख्या कितनी है तथा उक्त योजना के अंतर्गत उपलब्ध श्रेणी, अधिकृत जनशक्ति और चिकित्सा सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त ईसीएचएस पॉलिक्लिनिक में श्रेणी-वार चिकित्सा अधिकारियों, विशेषज्ञों, पैरामेडिकल कर्मचारियों और अन्य कर्मचारियों की स्वीकृत संख्या और वास्तविक संख्या कितनी है;

(ग) मंगलुरू में ईसीएचएस के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पतालों, नैदानिक केंद्रों, नेत्र देखभाल केंद्रों और दंत चिकित्सा सुविधाओं की विशेषज्ञता-वार संख्या कितनी है, और पैनल में शामिल होने के लिए वर्तमान में विचाराधीन लंबित आवेदनों की संख्या कितनी है;

(घ) क्या सरकार ने मंगलुरू में ईसीएचएस पॉलिक्लिनिक के उन्नयन तथा ईसीएचएस लाभार्थियों के लिए दक्षिण कन्नड़ में विशेषज्ञ सेवाओं की उपलब्धता और पैनलबद्ध अस्पतालों के दायरे का विस्तार करने की आवश्यकता का मूल्यांकन किया है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा की गई/की जाने के लिए प्रस्तावित कार्रवाई का ब्यौरा क्या है और कार्यान्वयन में लगने वाली संभावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) से (ड.) दक्षिण कन्नड़ जिले में आश्रितों सहित कुल ईसीएचएस लाभार्थी बेस 5,980 है। ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक, मंगलुरू टाइप 'डी' पॉलीक्लीनिक के रूप में कार्य कर रहा है। कार्मिकों

की स्वीकृत संख्या 15 है जिनकी भर्ती निर्धारित नीति के अनुसार संविदात्मक कार्मिकों के माध्यम से की जाती है।

दक्षिण कन्नड़ जिले में नौ पैनलबद्ध अस्पताल हैं जो ईसीएचएस लाभार्थियों को दन्त चिकित्सा, नेत्र देखभाल सहित स्वास्थ्य सेवाएं और विभिन्न नैदानिक सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

ईसीएचएस, पॉलीक्लीनिक, मंगलुरू की दैनिक औसत रोगी रिपोर्ट 63 है। पॉलीक्लीनिकों के उन्नयन की आवश्यकता की समीक्षा लाभार्थियों की संख्या और दैनिक औसत रोगी रिपोर्ट के आधार पर आवधिक रूप से की जाती है।

***